<u>पूर्वोत्तर रेलवे</u>

**श्री अमिताभ ओझा** , वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक

के मार्गदर्शन

एवं

**श्री रवि मिश्रा** , कार्य कुशलता अधिकारी

के निर्देशन में

सम्पादित

# ''मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक डेयरी कालोनी एवं दक्षिण कालोनी के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा''

द्वारा

शेखर कुमार
मुख्य योजना निरीक्षक

कार्य कुशलता संगठन
पूर्वोत्तर रेलवे
गोरखपुर

कार्याध्ययन सं0 – एन0ई0/10/2020–21

मिसिल संख्या – प्र/560/1/2020–21/10

*******

# अधिशासकीय सार

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रम संख्या | — | 10 |
| 2. | कार्याध्ययन संख्या | — | एन0ई0 / 10 / 2020—21 |
| 3. | मिसिल संख्या | — | प्र / 560 / 1 / 2020—21 / 10 |
| 4. | विषय | — | ''मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक डेयरी कालोनी एवं दक्षिण कालोनी के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' |
| 5. | विभाग | — | चिकित्सा |
| 6. | प्राधिकार | — | वरि0 उप महाप्रबन्धक द्वारा अनुमोदित कार्याध्ययन सूची वर्ष 2020—21 के अनुसार । |
| 7. | संदर्भित सीमायें:— | **(i)** | स्वास्थ्य ईकाइयों के अन्तर्गत वर्तमान परिस्थितियों में कार्यभार का आंकलन करना साथ ही साथ वाह्य श्रोतो से सम्पादित होने वाले कार्यों की सम्भावनाओं की समीक्षा करना। |
| | | **(ii)** | स्थानीय परिस्थितियों एवं Mechanised cleanig related instrument के परिप्रेक्ष्य में कार्यभार के अनुरूप आवश्यकता के अनुसार कर्मचारी संख्या का आंकलन करना। |
| | | **(iii)** | कुल कर्मचारियों की आवश्यकता की गणना के उपरान्त सरप्लस कर्मचारियों की पहचान करके वर्तमान स्वीकृत संख्या से तुलना करके अभ्यर्पण हेतु संस्तुति देना। |
| 8. | कार्याध्ययन किया गया | — | 150 |
| 9. | संस्तुति सारांश | — | पृष्ठ संख्या— II |
| 10. | अभ्यर्पण हेतु पदों की संख्या | — | 28 |
| 11. | वित्तीय बचत | — | **रू0 2.22 लाख प्रतिवर्ष** |
| 12. | वितरण तिथि | — | सितम्बर / 2020 |

*******

अनुक्रमणिका


| क्रम सं0 | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आभार | I |
| 2. | संस्तुतियाँ एवं सुझाव | II |
| 3. | वित्तीय परिणाम | III |
| 4. | **अध्याय– प्रथम** | |
| | प्रस्तावना, संदर्भित सीमायें एवं कार्याध्ययन विधि | |
| 5. | **अध्याय– द्वितीय** | |
| | कर्मचारी संख्या एवं यूनिट वाइज कार्य का विवरण | |
| 6. | **अध्याय– तृतीय** | |
| | आलोचनात्मक विश्लेषण आवश्यक कर्मचारी संख्या का ऑकलन स्वीकृत एवं सुझाव। | |


*******

# (I)

## आभार

कार्याध्ययन दल श्री दीपक बाड़ा ,सहायक स्वास्थ अधिकारी , गोरखपुर के प्रति गहन आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन के सफल सम्पादन हेतु अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं तकनीकी निर्देशन प्रदान किया।

कार्याध्ययन दल श्री दिलीप कुमार मल्ल, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/डेयरी कालोनी एवं श्री संजीव कुमार श्रीवास्तव , मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/दक्षिण कालोनी व अन्य कर्मचारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करता है। जिन्होंने कार्याध्ययन से संबंधित वॉछित ऑकड़े उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान किया।

*******

# (II)

## संस्तुति एवं सुझाव

| क्र. सं. | संस्तुति | मद सं |
|---|---|---|
| 1. | संस्तुति की जाती है कि वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी/स्वास्थ्य/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर के अधीन मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/डेयरी कालोनी एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/दक्षिण कालोनी के सयुक्त रुप से सफाईवाले के 28 पद, जो आवश्यकता एवं कार्यभार से अधिक ऑकलित किये गये है तथा रिक्त भी चल रहे हैं, को अभ्यर्पित करने पर विचार किया जा सकता है। | 3.9 |
| | **सुझाव** | |
| 1. | कॉलोनियों में अधिक से अधिक मैकेनाइज्ड क्लीनिंग का प्रयोग किया जाना चाहिए। | |
| 2. | अन्य स्वास्थ्य इकाईयों की तरह आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाई कार्य सफलता पूर्वक एवं मितव्ययिता के साथ संपन्न कराया जाये। आउटसोर्स के माध्यम से सफाई कार्य चरणवार विभागीय पर्यवेक्षण के अधीन प्रारम्भ किया जाना चाहिए। | |
| 3 | कॉलोनी वासियों को कूड़ा डस्टविन में ही डालने हेतु जागरूक करना चाहिए तथा ऐसा न करने पर आर्थिक दण्ड का प्रावधान किया जाना चाहिए। | |
| 4 | नई व्यवस्था के तहत् कूड़ा घर से ही उठाये जाने का प्रावधान होना चाहिए। | |
| 5 | कूड़े एवं मृत जानवर के निस्तारण हेतु लोडर एवं हाईड्रोलिक मशीनों की व्यवस्था होना उचित होगा। | |
| 6 | विषयक कार्याध्ययन के दौरान कार्याध्ययन दल को यह संज्ञान में आया कि समस्त स्वास्थ्य इकाईयों का बी.ओ.एस–।।। एक साथ है। जबकि प्रत्येक स्वास्थ्य इकाई का बी.ओ.एस.–।।। अलग–अलग होना चाहिये। | |

*******

# (III)

## वित्तीय परिणाम

कार्याध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल प्रशासन को अनुमानित वार्षिक आवर्ती बचत निम्नानुसार होगी :–

| क्र.सं. | पदनाम | वेतनमान | ग्रेड पे | पदों की संख्या | औसत मूल्य प्रति पद प्रतिमाह (रू0 में) | कुल मूल्य प्रति माह (रू0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रू0में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सफाईवाला | 5200–20200 | 1800 | 28 | 66119 | 18,51,332 | 2,22,15,984 |
| | | | कुल योग | **28** | | | 2,22,15,984 |

अतः रेल राजस्व की कुल आवर्ती वार्षिक बचत = रू0 दो करोड़ बाइस लाख पन्द्रह  हजार नौ सौ चौरासी मात्र।

*******

# अध्याय– प्रथम

## 1.0 प्रस्तावना, संदर्भित सीमायें एवं कार्याध्ययन विधि :–

1.1 स्वास्थ्य इकाईयों के द्वारा मुख्यतः सफाई कार्य ही सम्पन्न किये जाते हैं। वर्तमान समय में सफाई कार्य हेतु विभिन्न प्रकार के यंत्रों एवं ठेकेदारी प्रथा लागू होने से इन इकाईयों का कार्यभार पूर्व से बहुत कम हो गया है। अतएव कार्य पद्धति संबर्धन के साथ ही साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए जिससे रेल की उत्पादकता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक, महोदय के निर्देश पर कार्यकुशलता संगठन द्वारा ''मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक डेयरी कालोनी एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक दक्षिण कालोनी के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' के अन्तर्गत कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय को कार्याध्ययन हेतु चुना गया है।

उक्त स्वास्थ्य इकाइयॉ वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी/स्वास्थ्य/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर के प्रशासनिक कन्ट्रोल में कार्यरत है।

1.2 कार्याध्ययन को निम्नलिखित संदर्भित सीमाओं के अन्तर्गत सम्पन्न किया गया है।

1. विभिन्न स्वास्थ्य ईकाइयों के अन्तर्गत वर्तमान परिस्थितियों में कार्यभार का आंकलन करना, साथ ही साथ वाह्य श्रोतो से सम्पादित होने वाले कार्यों की सम्भावनाओं की समीक्षा करना।
2. स्थानीय परिस्थितियों एवं Mechanised cleaning related instrument के परिप्रेक्ष्य में कार्यभार के अनुरूप आवश्यकता के अनुसार कर्मचारी संख्या का आंकलन करना।
3. कुल कर्मचारियों की आवश्यकता की गणना के उपरान्त सरप्लस कर्मचारियों की पहचान करके वर्तमान स्वीकृत संख्या से अभ्यर्पण हेतु संस्तुति देना।

1.3 **कार्याध्ययन विधि** :– कार्याध्ययन को सम्पन्न करने हेतु निम्नलिखित विधियों को अपनाया गया है।

1. इकाई के कार्यभार के विभिन्न आकड़े को इकठ्ठा किया गया जो प्रत्येक कोटि के कर्मचारी के कार्यभार को परिलक्षित करता है।
2. प्रत्येक इकाई के अन्तर्गत स्वीकृत कर्मचारी संख्या के सापेक्ष में मौजूद कार्यभार का विश्लेषण करना।
3. निजी प्रेक्षण एवं अवलोकन के साथ ही साथ पर्यवेक्षकों एवं अधिकारियों से परस्पर वार्तालाप सम्पन्न किया जाना।
4. कर्मचारी संख्या की गणना हेतु स्थानीय परिस्थितियों एवं भौगोलिक संरचना को ध्यान दिया जाना।

*******

## अध्याय– द्वितीय

### 2.0 कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण :–

2.1 कार्याध्ययन की परिधि में आने वाली स्वास्थ्य इकाईयॉ–डेयरी कालोनी एवं दक्षिण कालोनी चिकित्सा विभाग के अधीन वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी/स्वास्थ्य/पूउरे/ गोरखपुर के सम्पूर्ण नियंत्रण में कार्यरत है। कार्याधययन के दौरान ज्ञात हुआ कि मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/बिछिया एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/दक्षिण का बी.ओ.एस.–।।। (बिल यूनिट–413) संयुक्त रूप से है एव मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/डेयरी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/बौलिया एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/जटेपुर का बी.ओ.एस.–।।। (बिल यूनिट–414) संयुक्त रूप से है। इसके अतिरिक्त बी.ओ.एस का अवलोकन करने पर पाया कि उक्त बी.ओ.एस वर्ष 2016–17 के बाद लेखा विभाग से विधिक्षीत नहीं कराया गया है। उक्त बी.ओ.एस में से 20 सफाईवाला के पद का अभ्यपर्ण दिनांक 21.06.18 पत्र सं. 2018/मेड/563/5 के अर्न्तगत कर दिया था। जिसे अभी तक घटाया नहीं गया है। अतः उक्त पदों को घटाने पर बी.ओ.एस निम्नवत होगा :–

| क्र. सं | बिल युनिट | अभ्यर्पित पद का नाम | वेतनमान | कुल पदों की सं. | अभ्यर्पित किये जाने वाले पदों की संख्या | शेष पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 413 | सफाईवाला | 5200–20200 | 182 | 11 | 172 |
| 02 | 414 | सफाईवाला | 5200–20200 | 202 | 09 | 193 |

चुंकि बिल युनिट 413 में दो स्वास्थ्य ईकाई बिछिया कालोनी एवं दक्षिण कालोनी का संयुक्त बी.ओ.एस है। इसलिये उक्त बी.ओ.एस के पदों को दो भाग में बराबर बांट कर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक दक्षिण कालोनी का सफाईवाला का बी.ओ.एस 86 माना

गया है। इसी प्रकार बिल युनिट 414 में तीन स्वास्थ्य ईकाई डेयरी कालोनी, जटेपुर कालोनी एवं बौलिया कालोनी का संयुक्त बी.ओ.एस है। इसलिये उक्त बी.ओ.एस के पदों को तीन भाग में बराबर बांट कर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक डेयरी कालोनी का सफाईवाला का बी.ओ.एस 64 माना गया है।

2.1.1 <u>स्वास्थ्य इकाई / दक्षिण कालोनी</u> :– इनका कार्य क्षेत्र चार फाटक अन्डर–पास के दक्षिण समस्त रेलवे परिक्षेत्र सामिल है। जैसे समस्त रेलवे कार्यालय की रोड नालियां, रेलवे स्टेडियम ,स्टेडियम कालोनी , क्रिकेट ग्राउंड, आफीसर रेस्ट हाउस, आफीसर क्लब, गोल्फ ग्राउंड, गोल्फ ग्राडंड से सटे समस्त रेलवे बंगलों की सडक एवं नालियां एवं रामगढ ताल रेलवे कालोनी आदि है। वर्तमान में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक दक्षिण कालोनी में सफाईवालों की स्वीकृत ,वास्तविक एवं रिक्त पदों की संख्या निम्नवत है:–

| क्र. सं. | पदनाम | वेतनमान | ग्रेड–पे | स्वीकृत संख्या | वास्तविक संख्या | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सफाईवाला | 5200–20200 | 1800 | 86 | 49 | 37 |
| | | | योग | **86** | **49** | **37** |

2.1.2 <u>स्वास्थ्य इकाई /डेयरी कालोनी</u> :– इनका कार्य क्षेत्र रेलवे मेडीकल कालोनी ,रेलवे डेयरी कालोनी / उत्तरी , रेलवे डेयरी कालोनी / दक्षिणी एवं ल.एन.मि.रे. चिकि0 / गोरखपुर का परिसर इत्यादि तक फैला हुआ है। वर्तमान में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक डेयरी कालोनी में सफाईवालों की स्वीकृत ,वास्तविक एवं रिक्त पदों की संख्या निम्नवत है:–

| क्र. सं. | पदनाम | वेतनमान | ग्रेड–पे | स्वीकृत संख्या | वास्तविक संख्या | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सफाईवाला | 5200–20200 | 1800 | 64 | 38 | 26 |
| | | | योग | **64** | **38** | **26** |

नोट :– मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/डेयरी के अधीन उपरोक्त 38 सफाईवाले के अतिरिक्त एक मल्टीपरपज गैंग है जिसमें 16 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं।जिनके कार्य परिधि में सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यक्षेत्र जिनमें सम्पूर्ण गोरखपुर एरिया एवं गोरखपुर छावनी में स्थित रेलवे कालोनी एवं कार्यालय भी शामिल हैं, में सफाई सम्बंधी कार्य के लिये लगाया जाता है।

2.2 स्वास्थ्य इकाइयों के कार्य विवरण:– मानव जीवन में सफाई का महत्वपूर्ण स्थान है।स्वच्छता से मनुष्य स्वस्थ्य रहकर अत्यधिक कार्य क्षमता प्राप्त कर लेता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के सफाई कार्य स्वास्थ्य इकाइयों द्वारा सम्पन्न किये जाते हैं।इस विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कोटियों के निर्धारित कार्य निम्नवत् हैः–

2.2.1 मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/स्वास्थ्य निरीक्षक :–

1. जन समुदाय की स्वास्थ्य शिक्षा का उत्तरदायी होगा।
2. सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों, बहुउद्‌देशीय अभियानो, स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रमों, परिवार कल्याण कार्यक्रमों, मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा पल्स पोलियों बहुद्‌देशीय प्रतिरक्षण जैसे सामूहिक स्वास्थ्य अभियान कार्यक्रमों आदि में सक्रिय रूप से भाग लेना।
3. अपने क्षेत्र में हैजा, प्लेग जैसी महामारी फैलने अथवा मृत्यु या बीमारी में किसी भी संदेहात्मक वृद्धि के संबंध में तत्काल मंडल के प्रभारी चिकित्साधिकारी को सूचित करेगा तथा जन समुदाय में संक्रामक रोगों के नियंत्रण हेतु सक्रिय कार्यवाही करेगा।
4. प्रतिरक्षण सहित सभी निवारक उपाय करेगा।
5. कॉलोनी की जनगणना करेगा तथा जन्म एवं मृत्यु पंजिका अनुरक्षित करेगा।
6. स्टेशनों एवं कॉलोनियों में जनसाधारण को बेचे जाने वाली खाद्य वस्तुओं एवं पेयों का निरीक्षण करेगा तथा जब प्राधिंत किया जाए तो खाद्य अपमिश्रण निवारक अधिनियम के अंतर्गत खाद्य निरीक्षक के रूप में कार्य करेगा।
7. अपने क्षेत्र में लगने वाले मेलों एवं उत्सवों के लिए सफाई व्यवस्था देखेगा।
8. रेजीडुअल क्लोरीन परीक्षण एवं वैक्टरियोलॉजिकल विश्लेषण हेतु नमूने एकत्र करके आपूर्ति किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता पर निगरानी रखेगा।

9. मच्छर रोधी, मक्खी रोधी एवं अन्य कीट नियंत्रण उपाय करेगा। वह आवारा कुत्तों की जनसंख्या को नियंत्रण में रखने के लिए उत्तरदायी होगा।
10. अपने कार्यालय तथा अपने अधीन कार्मिकों के सभी प्रशासनिक कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगा। कॉलोनियों में व स्टेशनों पर सफाई के कुशल अनुरक्षण हेतु उत्तरदायी होगा।
11. देखेगा कि उसके अधीन तैनात सफाईकर्मी अपना कार्य समुचित रूप से करें। उसे विशेष रूप से यह ध्यान में रखना चाहिए कि उसका कर्त्तव्य कार्य करने का आदेश देना ही नहीं है बल्कि वह यह भी देखे कि वास्तव में इसका अनुपालन किया जाये।
12. प्रतिदिन जमादारों से मिलेगा और यदि सफाई संबंधी कोई शिकायत हो तो उसकी रिपोर्ट छोडकर उसकी जॉच करेगा तथा उसकी रिपोर्ट अपने अधिकारी को देगा।
13. नालियों, शौचालयों व मूत्रालयों आदि में किसी भी खराबी के नोट करेगा तथा उनकी मरम्मत इंजीनियरी विभाग द्वारा कराने की व्यवस्था करेगा।
14. प्रत्येक सप्ताह में कम से कम तीन बार कूडा डालने की जगह का निरीक्षण करेगा तथा यह देखेगा कि सारे मल को जमीन में गाड दिया जाए।
15. सावधानी पूर्वक देखेगा कि ठेकेदारों से किए जाने वाले करारों की सभी शर्तों का पालन हो और किसी भी विसगति आदि की सूचना उच्चधिकारियों को तुरंत दी जाए।

**2.2 सफाई जमादार :–**

1. वह देखेगा कि रेलवे कॉलोनी की सफाई अपने उच्चाधिकारियों की इच्छानुरूप सही तरह से की गई हो, तथा रेलवे अथवा ठेकेदार के श्रमिकों के कार्य करने में लापरवाही/असंतोषजनक कार्य संबंधी रिपोर्ट स्वास्थ्य निरीक्षक को देगा।
2. समुचित ट्रेंचिंग, कम्पोस्टिंग आदि सुनिश्चित करेगा।
3. स्टेशनों का विसंक्रमण तथा स्वास्थ्य निरीक्षक के पर्यवेक्षण में कुओं का क्लोरिनीकरण करेगा।
4. यह देखेगा कि सफाई वाले सार्वजनिक एवं सामूहिक शाौचालयों एवं लैट्रीन पैनों की क्रूड आयल एवं रोगाणुनाशक दवाओं से नियमित सफाई करें तथा यह भी देखे कि वह जनसाधारण से कोई शिकायत न मिले।
5. दवा छिड़काव कराने का पर्यवेक्षण करेगा।

6. ठेले, नालियों, शौचालयों आदि की अपेक्षित मरम्मत के संबंध में स्वास्थ्य निरीक्षक को सूचित करेगा।
7. अपने अधीन कार्यरत सफाई वालों को सफाई सामग्री के लिए उत्तरदायी होगा।

2.3 <u>सफाईवाला / सफाईवाली</u> :–

1. रेल परिसर एवं कॉलोनियों आदि से कूडा करकट एकत्र करके उसका निस्तारण करेगा।
2. रेल परिसर एवं कॉलोनियों की सडक एवं क्षेत्र में अन्य सतहों पर झाडू लगाएगा तथा झाडू के उपरांत एकत्रित कूडे करकट को कूडेदान में डालेगा तथा जाला इत्यादि हटाएगा।
3. नालियों की सफाई करेगा तथा समय पर नालियों से गाद निकालेगा।

2.4 **ठेके पर होने वाला कार्य** :– सफाई से सम्बंधित कुछ कार्य वर्तमान में ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है।

1. डस्टबिन से कूढे का निस्तारण।
2. सेफ्टी टैंक के सफाई का कार्य।
3. मृत जानवरों कर निस्तारण।

2.5 **<u>स्वास्थ्य इकायों का कार्य समय (वर्किंग आवर्स)</u>** :–

**<u>सोमवार से शुक्रवार तक :–</u>**

07.00 बजे से 12.30 बजे तक

14.00 बजे से 17.00 बजे तक

भोजनावकाश :– 12.30 से 14.00 बजे तक

**<u>शनिवार</u>** :–

07.00 बजे से 12.30 बजे तक

2.6 <u>डेयरी कालोनी इकाई</u> :–

2.6.1 इकाई पर उपलब्ध मैकेनाइज्ड़ मशीनो – नील।

2.6.2 टूल एवं प्लान्ट्स का विवरण

1 छोटा ठेला।

2 बेलचा।

3 फावड़।

4 पॉचा।

5 झाडू

2.6.3 <u>आवासों की संख्या</u> :— आवासों की संख्या 689 है।

2.6.4 <u>कार्यालय में मैन्टेन किये जाने वाले रिकार्ड का विवरण</u> :—

1. उपस्थिति पंजिका रजिस्टर।
2. कर्मचारी कार्य वितरण रजिस्टर।
3. शिकायत पंजिका।
4. जीवाणु जॉच ंजिका।
5. क्लोरिनेशन रजिस्टर।
6. खाद्य नमूना रजिस्टर।
7. यूनिफार्म रजिस्टर।
8. कन्जूमेबल रजिस्टर।
9. टूल्स एवं प्लांट रजिस्टर।
10. पस एवं पी.टी.ओ. रजिस्टर।

2.6.5 परीक्षण एवं नमूना जॉच का शिड्यूल :—

1. water chemical Analysis – 6 Month
2. Bacteriological Analysis – Weakly
3. Residuel cholerine Analysis of – serdey meater

2.7 <u>दक्षिण कालोनी इकाई</u> :—

2.7.1 इकाई पर उपलब्ध मैकेनाइज्ड़ मशीनो – नील।

2.7.2 टूल एवं प्लान्ट्स का विवरण

1. छोटा ठेला।
2. बेलचा।

3. फावड़ा।

4. पॉचा।

5. झाडू

2.7.3 <u>आवासों की संख्या</u> :— आवासों की संख्या 549 है।

2.7.4 <u>कार्यालय में मैन्टेन किये जाने वाले रिकार्ड का विवरण</u> :—

1. उपस्थिति पंजिका रजिस्टर।
2. कर्मचारी कार्य वितरण रजिस्टर।
3. शिकायत पंजिका।
4. जीवाणु जॉच ंजिका।
5. खाद्य नमूना रजिस्टर।
6. यूनिफार्म रजिस्टर।
7. कन्जूमेबल रजिस्टर।
8. टूल्स एवं प्लांट रजिस्टर।
9. पस एवं पी.टी.ओ. रजिस्टर।
10. आर/सीएल2(वाटर) रजिस्टर।
11. रासायनिक जॉच रजिस्टर।

2.7.5 <u>परीक्षण एवं नमूना जॉच का शिड्यूल</u> :—

1. water chemical Analysis – 6 Month
2. Bacteriological Analysis – Weakly
3. Residuel cholerine Analysis of – serdey meater

********

## अध्याय – तृतीय

3.0 आलोचनात्मक विष्लेशण, आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन संस्तुतियॉ एवं सुझावः–

3.1 मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक इकाइयों के अन्तर्गत सफाई कार्यों द्वारा मुख्यता सफाई का कार्य तथा नालियों की सफाई, बडे नालों की सफाई, सड़कों की सफाई/झाडू लगाने का कार्य, कूड़ा को विभिन्न स्थलों रखें गये कूड़े दानों में जमा करना तथा घास कटिंग इत्यादि का कार्य सम्पादित कराया जाता है।

3.2 प्रत्येक स्वास्थ्य इकायों का क्षेत्र विस्तार, सम्पादित हो रहे कार्य, उनके क्षेत्र में आने वाली विशेष समस्याये, छुट्टा पशुओं की हैण्डलिंग, मृत जानवरों का निस्तारण एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक से गहन विचार–विमर्श के उपरान्त कार्य करने की भौतिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कर्मचारी संख्या का आंकलन किया गया है। आंकलन करते समय इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि कालोनी की भौगोलिक स्थिति वातावरण एवं क्षेत्र, अधिकारियों की कालोनी एवं आवासों की संख्या क्या है।

3.3 कार्याध्ययन के दौरान पाया कि रेलवे कालोनी के सड़को एवं नालियों की सफाई एवं घास की कटाई मैनुवल की जा रही है। जिससे इन कार्यों में समय ,श्रम एवं धन तीनों जायदा खर्च होता है। अगर इनक कार्यों को ठेके पर मशीनों के माध्यम से करवाया जाय तो समय ,श्रम एवं धन तीनों की बचत होगी।

3.4 वर्तमान समय में जिस तरह हमारी प्रदेश सरकार शहरों में कवर नालियों का निमार्ण करवा रही है उसी प्रकार रेलवे को भी अपने क्षेत्र में कवर नालियों का निमार्ण करवाना चाहिये। जिससे कि नालियां जाम नहीं होगी।

3.5 <u>मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/डेयरी</u> :— इस इकाई पर प्रस्तावित कर्मचारी संख्या निम्नवत् है :—

| क्र.सं. | कार्यभार का विवरण | प्रस्तावित कर्मचारी |
|---|---|---|
| 1 | रेलवे मेडीकल कालोनी | |
| 1.1 | झाडू लगाने पर | 05 |
| 1.2 | कूडा हटाने पर | 03 |
| 1.3 | नाली साफ करने पर | 03 |
| | योग | 11 |
| 2 | रेलवे डेयरी कालोनी/उत्तरी | |
| 2.1 | झाडू लगाने पर | 06 |
| 2.2 | कूडा हटाने पर | 03 |
| 2.3 | नाली साफ करने पर | 03 |
| | योग | 12 |
| 3 | रेलवे डेयरी कालोनी/दक्षिणी | |
| 3.1 | झाडू लगाने पर | 05 |
| 3.2 | कूडा हटाने पर | 03 |
| 3.3 | नाली साफ करने पर | 02 |
| | योग | 10 |
| 4 | ललित नरायण मिश्रा रेलवे हास्पीटल परिसर | |
| 4.1 | झाडू लगाने पर | 04 |
| 4.2 | कूडा हटाने पर | 03 |
| 4.3 | नाली साफ करने पर | 03 |
| | योग | 10 |
| | स्टोर वितरण एवं आफिस रखरखाव | 01 |
| | योग | 44 |
| | अवकाश | 6 |
| | महायोग | 50 |

3.6 <u>मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक / दक्षिण</u> :— इस इकाई पर प्रस्तावित कर्मचारी संख्या निम्नवत् है :—

| क्र.सं. | कार्यभार का विवरण | प्रस्तावित कर्मचारी |
|---|---|---|
| 1 | **रेलवे स्टेडियम कालोनी** | |
| 1.1 | झाडू लगाने पर | 06 |
| 1.2 | कूडा हटाने पर | 04 |
| 1.3 | नाली साफ करने पर | 05 |
| | **योग** | **15** |
| 2 | **रेलवे कार्यालय क्षेत्र** | |
| 2.1 | झाडू लगाने पर | 07 |
| 2.2 | कूडा हटाने पर | 05 |
| 2.3 | नाली साफ करने पर | 05 |
| | **योग** | **17** |
| 3 | **रेलवे गोल्फ कालोनी एवं महा प्रबंधक बंगला न0 01** | |
| 3.1 | झाडू लगाने पर | 07 |
| 3.2 | कूडा हटाने पर | 04 |
| 3.3 | नाली साफ करने पर | 04 |
| | **योग** | **15** |
| 4 | **रामगढ ताल रेलवे कालोनी** | |
| 4.1 | झाडू लगाने पर | 05 |
| 4.2 | कूडा हटाने पर | 03 |
| 4.3 | नाली साफ करने पर | 04 |
| | **योग** | **12** |
| 5 | **विविध** | |
| 5.1 | सी.एम.डी आफिस, एवं दक्षिण औषधालय, | 02 |
| 5.3 | लैट्रीन एवं सेफ्टी टैंक खोलने के लिये | 02 |
| 5.4 | स्टोर वितरण एवं आफिस रखरखाव | 01 |
| | **योग** | **64** |
| | | **8** |
| | **महायोग** | **72** |

3.7 स्वास्थ्य डेयरी कालोनी एवं दक्षिण कालोनी के स्वीकृत एवं प्रस्तावित कर्मचारियों की संख्या का तुलनात्मक विवरण :–

| क्र. सं | स्वास्थ्य ईकाई | स्वी. सं. | प्रस्ता. सं. | सरप्लस संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डेयरी कालोनी | 64 | 50 | 14 |
| 2 | दक्षिण कालोनी | 86 | 72 | 14 |
| | योग | 150 | 122 | 28 |

कुल स्वीकृत पद – 150

कुल प्रस्तावित पद – 122

सरप्लस – 28 पद

3.9 <u>संस्तुति</u> :– संस्तुति की जाती है कि वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी/स्वास्थ्य/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर के अधीन मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/डेयरी कालोनी एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/दक्षिण कालोनी के सयुक्त रुप से सफाईवाले के 28 पद, जो आवश्यकता एवं कार्यभार से अधिक ऑकलित किये गये है तथा रिक्त भी चल रहे हैं, को अभ्यर्पित करने पर विचार किया जा सकता है।

*******